Date: 31st May, 2019

To,
Asst. general Manager
Dept. of corporate services
BSE Limited,
P.J. Towers, Dalal Street,
Fort, Mumbai-400001

To
The Secretary,
The Calcutta Stock Exchange Limited
7, Lyons Range, Kolkata 700001

**Ref.: Scrip Code: 541741**

**Sub: Publication of financials in newspaper**

Dear Sir,

Please find enclosed herewith newspaper cutting of the Standalone & Consolidated Audited Financial Results of the Company for the Quarter and year ended on 31st March, 2019 published in Financial Express and Jansatta on 31st May, 2019.

We request you to take the above information on the record.
Thanking you

Yours faithfully,

**For Tinna Trade Limited**

Tinna Trade Ltd. New Delhi

**Monika Gupta**
**(Company Secretary)**
**FCS-8015**

**TINNA TRADE LIMITED**
CIN : L51100DL2009PLC186397
**Regd. Office :** No.-6, Sultanpur, (Mandi Road) Mehrauli, New Delhi-110030
Tel. No. : +91 11 4951 8530 (70 Lines) Fax : +91 11 2680 4883
E-mail : ttl.del@tinna.in Website: www.tinnatrade.in

# सूचकांक 330 अंक की छलांग से नए शीर्ष स्तर पर, निफ्टी का भी नया रेकार्ड

मुंबई, 30 मई (भाषा)।

बंबई शेयर बाजार का सूचकांक गुरुवार को 330 अंक की छलांग के साथ नए रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया। मई माह के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटाने के दिन निफ्टी में भी 85 अंक की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में बढ़त से बाजार में उछाल आया।

सूचकांक की कंपनियों में एनटीपीसी 3.44 फीसद लाभ में रहा। भारती एअरटेल, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, यस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी 2.33 फीसद की बढ़त रही। वहीं दूसरी ओर सनफार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ओएनजीसी, इंडसइंडस बैंक और वेदांता के शेयर 2.39 फीसद तक टूट गए। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सूचकांक सकारात्मक रुख से खुलने के बाद 39,911.92 अंक के उच्चस्तर तक गया। अंत में सूचकांक 329.92 अंक या 0.84 फीसद की बढ़त के साथ 39,831.97 अंक के नए रेकार्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक 39,500.56 अंक के निचले स्तर तक भी आया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 84.80 अंक या 0.71 फीसद की बढ़त के साथ 11,945.90 अंक के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 11,968.55 अंक के उच्चस्तर तक भी गया। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 0.40 फीसद तक का लाभ रहा। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों को नई सरकार से काफी उम्मीदें हैं। इससे बाजार धारणा मजबूत हुई।

इस बीच, अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे के नुकसान से 69.87 प्रति डॉलर पर आ गया। ब्रेंट कच्चा तेल 0.06 फीसद के नुकसान से 67.83 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। इस बीच, शेयर बाजारों के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 304.27 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। घरेलू संस्थागत निवेशक भी 189.58 करोड़ रुपए के बिकवाल रहे।

शेयरखान बाय बीएनपी परिबा के प्रमुख (परामर्श) हेमांग जानी ने कहा- वायदा व विकल्प खंड में निपटान के दिन शेयर बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्य गुरुवार को शपथ ले रहे हैं। निकट भविष्य में चौथी तिमाही के जीडीपी, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के अप्रैल, विदेशी मुद्रा भंडार और वाहन बिक्री के महत्त्वपूर्ण आंकड़े आने हैं। छह जून को रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक भी है। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका-चीन व्यापार विवाद, कच्चे तेल के दाम बाजार का रुख तय करेंगे।

# ट्राई प्रमुख को भरोसा, नई सरकार दूरसंचार क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाएगी, 5 जी लाएगी

नई दिल्ली, 30 मई (भाषा)।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन आरएस शर्मा ने विश्वास जताया है कि नई सरकार दूरसंचार क्षेत्र में सुधारों को रफ्तार देने के लिए नई ऊर्जा के साथ काम करेगी। शर्मा ने गुरुवार को यहां कहा कि उम्मीद है कि नई सरकार 5जी नेटवर्क और नई दूरसंचार नीति के क्रियान्वयन को तेजी से लाएगी।

शर्मा ने कहा कि प्राथमिकताएं तय करना सरकार का काम है, लेकिन उन्हें लगता है कि राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति (एनडीसीपी) के विभिन्न प्रावधानों के क्रियान्वयन की रफ्तार तेजी होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार के दोबारा सत्ता संभालने के बाद लंबित मुद्दों का निपटान तेजी से हो सकेगा,।

# ब्रिटेन की अदालत ने नीरव मोदी की 27 जून तक हिरासत बढ़ाई

लंदन, 30 मई (भाषा)।

ब्रिटेन की एक अदालत ने गुरुवार को भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की न्यायिक हिरासत की अवधि 27 जून तक के लिए बढ़ा दी।

नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ कर्ज में दो अरब डालर की धोखाधड़ी और धनशोधन मामले में भारतीय कानून के हवाले किए जाने की भारतीय एजंसियों की अर्जी को ब्रिटेन की अदालत में चुनौती दे रहा है।

इस मामले में न्यायाधीश ने भारत सरकार से 14 दिन के भीतर यह सूचना देने को कहा है कि उसे किस जेल में रखा जाएगा।

लंदन की वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेटी अदालत में इसी महीने पिछली सुनवाई के दौरान चीफ मजिस्ट्रेट एम्मा आर्बुथनोट ने 48 वर्षीय मोदी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उसके बाद से वह दक्षिण-पश्चिम लंदन की वैंड्सवर्थ जेल में है। जमानत पर निकलने का यह उसका तीसरा प्रयास था।

उसे मामले में सुनवाई व्यवस्था के सिलसिले में मजिस्ट्रेट आर्बुथनोट के समक्ष पेश किया गया। न्यायाधीश ने उसे 27 जून तक के लिए रिमांड में भेज दिया।

न्यायाधीश ने भारत सरकार से 14 दिन के भीतर यह सूचना देने को कहा है कि उसे किस जेल में रखा जाएगा।

मोदी को लंदन पुलिस ने प्रत्यर्पण वारंट पर लंदन के मेट्रो बैंक से गिरफ्तार किया था। वह उस समय 19 मार्च को एक नया बैंक खाता खोलने का प्रयास कर रहा था। तब से वह जेल में है।

इससे पहले, मामले में सुनवाई के दौरान अदालत को यह बताया गया कि साजिश कर पंजाब नेशनल बैंक के साथ गारंटी पत्रों के जरिए धोखाधड़ी के मामले में नीरव मोदी मुख्य लाभार्थी था। बाद में उसने अपराध के जरिए कमाई गई राशि का धनशोधन किया।

# देश का वित्तीय प्रौद्योगिकी बाजार 2020 में 31 अरब डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद

नई दिल्ली, 30 मई (भाषा)।

भारत में वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) बाजार के 2020 में बढ़कर 31 अरब डॉलर पर पहुंचने की संभावाना है। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने गुरुवार को यह बात कही। उद्योग संगठन एसोचैम की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कांत ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते वित्तीय प्रौद्योगिकी बाजारों में से एक है।

वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक), बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं के लिए समर्थन देने में उपयोग की जाने वाली तकनीक है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में एकमात्र ऐसा देश है , जहां एक अरब से ज्यादा मोबाइल कनेक्शन और बायोमैट्रिक हैं। वित्तीय प्रौद्योगिकी की पैठ के लिए इतना बड़ा आधार काफी है। कांत ने कहा- भारत का वित्तीय प्रौद्योगिकी तंत्र दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा वित्तीय प्रौद्योगिकी तंत्र है। पिछले तीन - चार सालों में इसमें छह अरब डॉलर का निवेश हो चुका है। 2020 में देश के वित्तीय प्रौद्योगिकी बाजार के बढ़कर 31 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में फिनटेक स्टार्टअप कंपनियों को बढ़ावा देने में अहम निभाई है। कांत ने कहा कि चीन में सारे आंकड़े (डेटा) अलीबाबा के पास है। इसी तरह अमेरिका में डेटा गूगल के पास है। भारत में डेटा का दायित्व सरकार के पास है।

# मध्य प्रदेश में महंगाई भत्ते में इजाफे से मजदूरों का न्यूनतम वेतन बढ़ा

इंदौर, 30 मई (भाषा)।

मध्यप्रदेश में मजदूरों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में श्रम विभाग से इजाफा किए जाने से उनके न्यूनतम वेतन की घोषित दरों में 325 रुपए प्रति माह की वृद्धि हो गई है। राज्य के श्रम आयुक्त कार्यालय के एक आला अधिकारी ने यहां गुरुवार को बताया कि अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के मुताबिक मजदूरों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में 325 रुपए प्रति माह की वृद्धि घोषित की गई है। नतीजतन मजदूरों के लिए तय न्यूनतम वेतन में इतनी ही राशि की बढ़ोतरी हुई है जिसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता शामिल है।

अधिकारी ने बताया कि मजदूरों के न्यूनतम वेतन की नई दरें एक अप्रैल से आगामी छह माह तक के लिये 67 अनुसूचित नियोजनों में लागू मानी जाएंगी। इनके मुताबिक अकुशल श्रमिकों के लिए प्रति माह 7,700 रुपए या प्रति दिन 296 रुपए, अर्द्धकुशल श्रमिकों के लिए प्रति माह 8,557 रुपए या प्रति दिन 329 रुपए, कुशल श्रमिकों के लिये प्रति माह 9,935 रुपए या प्रति दिन 382 रुपए और उच्च कुशल श्रमिकों के लिए प्रति माह 11,235 रुपए या 432 रुपए प्रति दिन का न्यूनतम वेतन तय किया गया है।

# TINNA TRADE LIMITED

Website:www.tinnatrade.in, E-mail:investor.ttl@tinna.in, Telephone No.:011-49518530 Fax no.:011-26804883
CIN:L51100DL2009PLC186397

**EXTRACT OF THE AUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31st MARCH, 2019**

*(Rs. in lakhs)*

| S. No. | PARTICULARS | STANDALONE Quarter Ended 31-Mar-19 Audited | STANDALONE Quarter Ended 31-Mar-18 Audited | STANDALONE Year Ended 31-Mar-19 Audited | STANDALONE Year Ended 31-Mar-18 Audited | CONSOLIDATED Year Ended 31-Mar-19 Audited | CONSOLIDATED Year Ended 31-Mar-18 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 10,771.87 | 10,997.94 | 47,789.53 | 45,578.96 | 48,759.36 | 46,407.37 |
| 2 | Net profit/(loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (68.73) | 1,430.57 | 205.98 | (34.09) | 225.49 | (43.11) |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | (68.73) | 1,430.57 | 205.98 | (34.09) | 225.49 | (43.11) |
| 4 | Net profit/(loss) for the period after Tax(After Exceptional and/or Extra ordinary Items) | (41.64) | 1,050.87 | 163.93 | (26.96) | 183.42 | (35.99) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive Income (after Tax) | (37.59) | 1,122.63 | 171.98 | 44.20 | 192.18 | 36.79 |
| 6 | Equity Share Capital (Face value of Rs. 10 each) | 856.48 | 856.48 | 856.48 | 856.48 | 856.48 | 856.48 |
| 7 | Other Equity | --- | --- | 2,480.15 | 2,308.17 | 2,268.68 | 2,086.29 |
| 8 | Earning Per Share(face value of Rs 10/- each share) (for continuing and discontinued operation) | | | | | | |
| | (a)Basic | (0.49) | 12.27 | 1.91 | (0.31) | 2.03 | (0.37) |
| | (b)Diluted | (0.49) | 12.27 | 1.91 | (0.31) | 2.03 | (0.37) |

Note:-

1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange websites ie www.bseindia.com and on the company's website www.tinnatrade.in

2 The above results have been reviewd by the Audit Committee on 30th May, 2019 and approved by the Board of Directors at its meeting held on 30th May,2019.

3 In terms of Section 133 of the Companies Act 2013, The Company has adopted Indian Accounting Standards (Ind AS) with effect from 01-04-2017. The financial results have been prepared in accordance with the above said Ind AS, with the transition date to the Ind AS being 01-04-2016.

FOR TINNA TRADE LIMITED
Sd/-
Gaurav Sekhri
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 30th May, 2019

# पी-नोट्स के जरिए निवेश अप्रैल के अंत तक बढ़कर 81,220 करोड़ हुआ

नई दिल्ली, 30 मई (भाषा)।

अनुकूल बाजार स्थितियों की वजह से अप्रैल के अंत तक में घरेलू शेयर बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के माध्यम से होने वाला निवेश बढ़कर 81,220 करोड़ रुपए रहा। पी-नोट्स पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जारी करते हैं। यह भारतीय बाजार में निवेश करने की इच्छा रखने वाले उन विदेशी निवेशकों के लिए जारी किए जाते हैं जो यहां सीधे पंजीकरण कराए बगैर निवेश करना चाहते हैं।

बाजार नियामक सेबी के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार इक्विटी, ऋण और डेरिवेटिव श्रेणी में मिलाकर पी-नोट्स के माध्यम से अप्रैल के अंत तक कुल 81,220 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। इसमें इक्विटी श्रेणी में 58,820 करोड़ रुपए, ऋण श्रेणी में 21,542 करोड़ रुपए डेरिवेटिव श्रेणी में 123 करोड़ निवेश किए गए।

# शेयर, ऋण-पत्रों से 35,000 करोड़ जुटाएगी टाटा टेलीसर्विसेज

नई दिल्ली, 30 मई (भाषा)।

दूरसंचार कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज महाराष्ट्र तरजीही शेयर और गैर परिवर्तनीय डिबेंचर जारी कर 35,000 करोड़ रुपए जुटाएगी। बंबई शेयर बाजार को भेजी सूचना में कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी के निदेशक मंडल ने इस राशि में से 15,000 करोड़ रुपए अपने प्रवर्तकों से जुटाने की मंजूरी दे दी है। इन प्रवर्तकों में टाटा संस और उसकी अनुषंगियां शामिल हैं।

टाटा टेलीसर्विसेज महाराष्ट्र लि. (टीटीएमएल) के निदेशक मंडल ने शेष 20,000 करोड़ रुपए की राशि एक या अधिक किस्तों में गैर परिवर्तनीय डिबेंचरों के जरिये जुटाने की मंजूरी दे दी है। कंपनी के निदेशक मंडल की 29 मई को हुई बैठक में यह मंजूरी दी गई।

टीटीएमएल को 31 मार्च को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 579.55 करोड़ रुपए का एकल शुद्ध लाभ हुआ।

# अमरिंदर ने समराला में सब्जी प्रसंस्करण इकाई की आधारशिला रखी

समराला (लुधियाना), 30 मई (भाषा)।

पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने गुरुवार को पंजाब के समराला में सब्जी प्रसंस्करण इकाई की आधारशिला रखी। इफको और स्पेन की कंपनी सीएन कॉर्प मिलकर 521 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से इस प्रसंस्करण संयंत्र को तैयार कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री अमरिंदर सिह ने इस अवसर पर कहा कि इस इकाई से राज्य में औद्योगिक वृद्धि को गति मिलेगी और रोजगार सृजन में मदद मिलेगी। पंजाब सरकार की नई औद्योगिक नीति पर सिंह ने कहा कि मंडी गोबिंदगढ़ औद्योगिक क्षेत्र के पुनरुद्धार से 600 मौजूदा इकाइयों ने फिर से परिचालन शुरू किया है जबकि 40 नई इकाइयों ने इस क्षेत्र में निवेश भी किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने अब तक कई कंपनियों के साथ 51,969 करोड़ रुपए के 299 समझौते ज्ञापन (एमओयू) पर दस्तखत किए हैं।सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान 46,902 करोड़ रुपए की करीब 650 नई परियोजनाएं आई हैं। इससे 1,67,309 रोजगार सृजन का प्रस्ताव है।

समराला में सब्जी प्रसंस्करण इकाई 52 एकड़ जमीन पर स्थापित की जा रही है और इसकी प्रसंस्करण क्षमता 80,000 टन सालाना होगी। इस पर आखिरकार 1,000 करोड़ रुपए तक खर्च हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से 2,500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होंगी। यह परियोजना किसानों की आय बढ़ाने में भी मददगार होगी क्योंकि यह इकाई 150 किलोमीटर के दायरे में स्थानीय किसानों से सीधे 15,000 टन सब्जियां खरीदेगी। इस परियोजना में ब्रोकली , फूलगोभी , गाजर , मक्का जैसी सब्जियों के प्रसंस्करण की सुविधा होगी।

## इंडसइंड बैंक लिमिटेड

IndusInd Bank

एफआरआर विभाग, 28, गोपालदास भवन, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-01

**सार्वजनिक सूचना**

**(प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अंतर्गत)**
**वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना की स्थानापन्न सेवा**

एतद्द्वारा ऋणधारक, मै. गुलाटी एण्टरप्राईजेज, श्री अनिल गुलाटी, श्री सुशील गुलाटी, श्रीमती गीता गुलाटी, श्री नरेन्द्र नाथ गुलाटी, श्रीमती अमन गुलाटी, श्री मोहिन्दर सिंह, श्री हरचरण सिंह, श्री जोगिन्दर सिंह को सूचित किया जाता है कि उन्होंने इंडसइंड बैंक लि. से उनके द्वारा प्राप्त साख सुविधाओं के पुनर्भुगतान में चूक की है, अतः उस पर भा.रि.बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार उनकी ऋण खाता को बैंक की पुस्तकों में 16.09.2018 को गैर-प्रचालन परिसम्पत्तियों के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। उसके बाद इंडसइंड बैंक ने वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) अधिनियम, 2002 (सरफैसी अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना तिथि 15.5.2019 को उक्त ऋणधारक के अंतिम ज्ञात पते पर जारी कर उन्हें नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर उक्त मांग दस्तावेज में वर्णित रूप में नीचे वर्णित राशि पर अनुबंधित दर पर आगे के ब्याज तथा अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज आदि के साथ 30.4.2019 को रु. 12,72,84,378.00 की मांग सूचना/ओं में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया।

लेकिन यह मांग सूचना नीचे वर्णित ऋणधारकों को प्राप्त नहीं हुई अतः यह सेवा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 (सरफैसी नियमावली) के नियम 3 के अनुसार इस प्रकाशन द्वारा दी जा रही है।

| क्रम सं. | ऋणधारकों का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | मै. गुलाटी एण्टरप्राईजेज, 27/223, टीकम गंज, कैसर गंज, अजमेर-305001, राजस्थान |
| 2-6 | श्री अनिल गुलाटी, श्री सुशील गुलाटी, श्रीमती गीता गुलाटी, श्री नरेन्द्र नाथ गुलाटी एवं श्रीमती अमन गुलाटी, सभी निवासीः 216/30, शिवा कॉलोनी, मेयो लिंक रोड, अजमेर-305004 (राजस्थान) |
| 7-9 | श्री मोहिन्दर सिंह, श्री हरचरण सिंह एवं जोगिन्दर सिंह, 2/32, करतार कॉलेज, अलवर गेट, अजमेर। |

**प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण**

1. श्री मोहिन्दर सिंह के स्वामित्व में प्लॉट नं. 38, खसरा नं. 92 वीर चौराहा, ग्राम दन्ता, नसीराबाद रोड, अजमेर, माप 1020 वर्ग याड्र्स में स्थित व्यावसायिक भूमि का सभी हिस्सा।
2. श्री हरचरण सिंह के स्वामित्व में प्लॉट नं. 39, खसरा नं. 92 वीर चौराहा, ग्राम दन्ता, नसीराबाद रोड, अजमेर, माप 900 वर्ग याड्र्स में स्थित व्यावसायिक भूमि का सभी हिस्सा।
3. श्री जोगिन्दर सिंह के स्वामित्व में प्लॉट नं. 40, खसरा नं. 92 वीर चौराहा, ग्राम दन्ता, नसीराबाद रोड, अजमेर, माप 960 वर्ग याड्र्स में स्थित व्यावसायिक भूमि का सभी हिस्सा।
4. श्री नरेन्द्र नाथ गुलाटी के स्वामित्व में प्लॉट नं. 5, एएमसी नं. 28/255 (पुराना), 216/30 (नया), मेयो लिंक रोड, अजमेर, माप 402 वर्ग यार्ड्स में स्थित आवासीय भूमि का सभी भाग तथा हिस्सा।
5. श्री सुशील गुलाटी के स्वामित्व में खसरा नं. 7747, बालुपुरा रोड, आदर्श नगर, ठोक मलियान, अजमेर, माप 219.72 वर्ग याड्र्स में स्थित आवासीय भूमि का सभी भाग तथा हिस्सा।

एतद्द्वारा हम उपरोक्त ऋणधारकों को निर्देश देते हैं कि इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर आगे के ब्याज, चार्जेज, खर्चे एवं लागतों आदि के साथ सम्पूर्ण बकाये राशि का भुगतान करें अन्यथा उनके स्वयं की लागत तथा परिणामों तथा सम्पूर्ण जोखिम पर प्रतिभूत परिसम्पत्ति (यों) का कब्जा तथा बिक्री करने सहित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को प्रवर्त्तित करने के लिये स्वतंत्र होंगे।

कृपया ध्यान रहे कि सरफैसी अधिनियम की धारा 13 (13) अनुसार बैंक की पूर्व लिखित सहमति प्राप्त किये बिना बिक्री, पट्टा या अन्य रूप से आप प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को अंतरित करने से प्रतिबंधित हैं। आपके द्वारा किसी भी रूप से उक्त धारा का उल्लंघन सरफैसी अधिनियम की धारा 29 एंव/अथवा इस संदर्भ में किसी लीगल प्रावधानों के अनुसार दंडनीय अपराध होगा।

हस्ता.
इंडसइंड बैंक लिमिटेड के लिये
प्राधिकृत अधिकारी

तिथि : 31.5.2019
स्थानः नई दिल्ली

## FEDERAL BANK

YOUR PERFECT BANKING PARTNER

एलसीआरडी प्रभाग/ नई दिल्ली
2/2, फेडरल टावर्स, ऊपरी भूतल, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
ई-मेल : ndllcrd@federalbank.co.in
फोन नं. 011 -40733980, 40733978,

एनडीएलडब्ल्यू/एसपीएल 848/2019

तिथि : 29.05.2019

**कब्जा सूचना**

जैसा कि,

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (यहां के बाद अधिनियम के रूप में वर्णित) के अंतर्गत फेडरल बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 (यहां के बाद नियमावली के रूप में वर्णित) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि **26.11.2018** जारी कर **ऋणधारक 1. श्री जावेद खान पुत्र श्री ए एस खान (2) श्रीमती नसरीन बेगम पत्नी श्री ए एस खान** दोनों के निवास स्थान फ्लैट नंबर जी-139/ यूजी-3, ऊपरी भूतल, दिलशाद कॉलोनी, दिल्ली -110095 को उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि **रु 4,75,150/- (रुपए चार लाख पचहत्तर हजार एक सौ पचास मात्र)** तथा लागत एवं अन्य चार्जेज वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, **29 मई, 2019** को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम को धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है। विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय **रु. 5,10,752/- (रुपए पाँच लाख दस हजार सात सौ बावन मात्र)** तथा उस पर लागत, अन्य चार्जेज तथा ब्याज के लिए फेडरल बैंक लि. के चार्ज के अधीन होगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

फ्लैट नंबर जी -139 / यूजी -3, ऊपरी भूतल के सभी अंश और खंड, माप 34.84 वर्ग मीटर अर्थात 375 वर्ग फुट एलआईजी श्रेणी के तहत, प्लॉट नं. जी -139, खसरा नंबर 1076 / 5 / 2 / 887, दिलशाद एक्सटेंशन- 1 अब दिलशाद कॉलोनी के नाम से ज्ञात, ग्राम झिलमिल ताहिरपुर, शाहदरा, दिल्ली -110095 में स्थित, अविभाजित आनुपातिक मुक्त भूमि के अधिकार के साथ।

तिथि : 29.05.2019
स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकारी अधिकारी
(द फेडरल बैंक लि.)

## APOORVA LEASING FINANCE AND INVESTMENT COMPANY LIMITED

CIN : L74899DL1983PLC016713;
Ph. No: 0120-;4372849 E-mail : apporvaleasing@gmail.com; Website: www.apoorvaleasingfinance.com
Regd. Off: 13/331, Geeta Colony, Third Floor, Delhi-110031"Corp. Off:C-1/9, Sec-31, Noida, Uttar Pradesh-201301

**Extract of Standalone and consolidated Financial Results for the Quarter and year ended on 31st March, 2019**

Amount in Lacs

| Particulars | Standalone Quarter Ended on 31.03.2019 Audited | Standalone Quarter Ended on 31.03.2018 Audited | Standalone Year Ended on 31.03.2019 Audited | Standalone Year Ended on 31.03.2018 Audited | Consolidated Year Ended on 31.03.2019 Audited | Consolidated Year Ended on 31.03.2018 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Total Income from Operations (net) | | | | | | |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 115.48 | 65.68 | 655.56 | 384.34 | 653.91 | 381.30 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 115.48 | 65.68 | 655.56 | 384.34 | 653.91 | 381.30 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 82.42 | 47.65 | 472.26 | 278.00 | 474.84 | 277.55 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 116.26 | 113.08 | 513.09 | 343.14 | 517.23 | 347.36 |
| Paid-up equity share capital [Face value Rs. 10 per share] | 1,997.49 | 1,997.49 | 1,997.49 | 1,997.49 | 1,997.49 | 1,997.49 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | 10,672.07 | 10,224.41 | 11,179.96 | 11,659.71 |
| Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | | | |
| Basic: | 0.41 | 0.24 | 2.36 | 1.39 | 2.38 | 1.39 |
| Diluted: | 0.41 | 0.24 | 2.36 | 1.39 | 2.38 | 1.39 |

Notes:

1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results for the three months ended and year ended on 31st March ,2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone and consolidated Financial Results for the three months ended and year ended on 31st March, 2019 are available on the Stock Exchange website **www.bseindia.in** and the Company's website **www.apoorvaleasingfinance.com**.

2 # - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.

For Apoorva Leasing Finance and Investment Company Limited
Sd/-
Atul Singh Tyagi
Managing Director
DIN: 01335008

Dated: 30th May, 2019
Place: Delhi

## DHANVANTRI JEEVAN REKHA LTD.

1, Saket, Meerut - 250 003,
Ph.: 0121-2648151, 2648152
Email : dhanvantrihospital@gmail.com
Website : www.djrl.org.in

**EXTRACT OF STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 2019**

Rs. in Lacs Except per share figure

| SL NO | PARTICULARS | 3-MONTHS ENDED ON 31.03.2019 Audited | 3-MONTHS ENDED ON 31.12.2018 Reviewed | CORRESPONDING 3-MONTHS IN THE PREVIOUS YEAR ENDED ON 31.03.2018 Audited | Year Ended 31.03.2019 Audited | Year Ended 31.03.2018 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 434 | 457 | 419 | 1,693 | 1,382 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax Exceptional and/or Extraordinary items) | (30) | (22) | 3 | 12 | 67 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items ) | (30) | (22) | 3 | 12 | 67 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (30) | (22) | 3 | 5 | 73 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | (30) | (22) | 3 | 5 | 73 |
| 6 | Equity Share Capital | 410 | 410 | 410 | 410 | 410 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year | | | | 657 | 652 |
| 8 | Earning per share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | |
| | 1. Basic : | (0.73) | (0.54) | 0.07 | 0.11 | 1.77 |
| | 2. Diluted : | (0.73) | (0.54) | 0.07 | 0.11 | 1.77 |

**Notes:-**

1. The above is an extract of the detailed format of quarter and year ended audited financial results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015 for the Quarter and Year ended March 2019. The full format of the quarter and Year ended 31.03.2019 financial results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and on the company's website (www.djrl.org.in)
2. The above results were approved by the Audit Committee of Directors, audited by the Statutory Auditors of the Company and taken on record by the Board of Directors in their meeting held on 30.05.2019

Place: Meerut
Dated: 30.05.2019

(P. S. Kashyap)
Din : 01664811
Chairman

For and on behalf of Board of Directors
of Dhanvantari Jeevan Rekha Ltd.

